# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

**01.08.2024** **समय : 1850**

- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल कार निकोबार में ज़िला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।
- विश्व स्तनपान सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने अंडमान निकोबार पुलिस सेवा कार्ट मोबाइल ऐप की शुरूआत की।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की ज़ोहरा बानू को भारतीय विदेश सेवा–आई एफ एस आवंटित किया गया है।
- अंडमान निकोबार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल कार निकोबार में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत ज़िला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयुक्त व सचिव स्वास्थ्य नन्दिनी पालीवाल, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और आदिवासी नेता भी उपस्थित थे। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला नियमित चिकित्सीय जांच के अलावा महामारी जैसी बीमारियों की निगरानी करने के लिए भी सुविधाएं प्रदान करेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि सुदूर आदिवासी क्षेत्र में ऐसी आधुनिक प्रयोगशाला के स्थापित होने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। बी जे आर अस्तपाल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनवर मूसा ने जनजातीय समुदाय की ओर से प्रशासन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के प्रति अपना आभार प्रकट किया। विशेष स्वास्थ्य सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल मायाबंदर और ज़िला स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा में भी ऐसी प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। डॉ. आर पी अस्पताल मायाबंदर और बी जे आर अस्पताल कार निकोबार की प्रयोगशालाएं सेटेलाईट प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगी, जबकि ज़िला स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा राज्य संदर्भ कार्यशाला के रूप मे कार्य करेगी। प्रशासन द्वारा द्वीपों में मार्च दो हजार पच्चीस तक तीनों जिलों में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत प्रयोगशाला का कार्य पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है।

<><><><><><><>

विश्व स्तनपान सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में प्रातरापुर पंचायत समिति प्रमुख चंपा दास मुख्य अतिथि थीं। अपने संबोधन में उन्होंने स्तनपान जैसे कार्यक्रमों की सफलता के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इज़रा बेगम ने स्तनपान के महत्व और जच्चा–बच्चा को इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्वेता ने नवजात शिशुओं और उनकी देखभाल पर जानकारी दी। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शहाना सलाम ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कल अंडमान निकोबार पुलिस सेवा कार्ट मोबाइल ऐप की शुरूआत की। यह ऐप पुलिस कल्याण के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए विकसित एक उन्नत ई–कॉमर्स प्लेटफार्म है। यह ऐप सभी सेवारत और सेवानिवृत पुलिस कर्मियों के लिए खरीद को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो अन्य शॉपिंग ऐप की तरह सुविधा प्रदान करता है। इसके अलावा यह कैन्टीन कर्मचारियों के लिए भंडार प्रबंधन को सरल बनाता है। इस ऐप के जरिए सुरक्षित लेन–देन की जा सकती है। यह ऐप चौबीसों घंटे कार्य करती है, जिससे पुलिस कर्मियों को ड्यूटी या उसके बाद भी खरीददारी करने में मदद मिलती है। पुलिस कैन्टीन के लिए ई–कॉमर्स ऐप को लागू करने की पहल का पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों ने सराहना की है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की यू पी एस सी में चार सौ उनहत्तरवां रैंक हासिल ज़ोहरा बानू को भारतीय विदेश सेवा–आई एफ एस आवंटित किया गया है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में सुश्री ज़ोहरा बानू ने बताया कि इस महीने की छब्बीस तारीख से उन्हें मसूरी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बाद में दिल्ली में छः से आठ महीने का प्रशिक्षण होगा। उन्होंने कहा कि वे इस सेवा से जुड़ कर काफी उत्साहित है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों की हायर सेकेण्डरी स्तर के ग्रुप–सी और ग्रुप–बी अराजपत्रित पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। पिछले वर्ष तेईस जुलाई को इन पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। दस्तावेजों की जांच के बाद कुछ पदों में उम्मीदवारों की भर्ती नहीं हो पाई। इनमें कृषि विभाग में लैबोरेटरी असिस्टेंट के अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए एक पद और ज़िला कारागार में वीविंग इंस्ट्रक्टर का एक अनारक्षित पद शामिल हैं। पिछले वर्ष तेईस जुलाई को आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल उम्मीदवार, जिनके पास इन पदों के लिए जरूरी तकनीकी या ट्रेड योग्यता है, उन्हें नौ अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से सचिवालय के लघु सम्मेलन कक्ष में दस्तावेजों की जांच के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के वन स्टॉप केन्द्र, दक्षिण अंडमान में विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर चुके योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची विभाग के सूचना पट्ट और वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। चयनित उम्मीदवारों के मूल दस्तोवेजों की जांच आठ अगस्त को सुबह नौ बजे से गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में की जाएगी और साक्षात्कार नौ अगस्त को सुबह दस बजे से विभाग के सचिव के कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

उधर, राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन में अनुबंध के आधार पर आई टी रिसोर्स पर्सन के दो पदों में आवेदन कर चुके योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। दावे और आपत्तियां एक सप्ताह के भीतर भेजी जा सकती है।

<><><><><><><>

स्कूल ऑफ नर्सिंग में जीएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परामर्श पांच अगस्त को ली जाएगी। जी बी पंत अस्पताल परिसर में परामर्श सुबह दस बजे से आयोजित होगा और कक्षाएं बारह अगस्त से शुरू होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा अग्निशमन और आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया है। समापन अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई मुख्य अतिथि थी। उन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ–साथ बड़े पैमाने पर समुदाय की सुरक्षा के लिए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया। पुलिस उप–महानिरीक्षक अग्निशमन मोनिका भारद्वाज ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उपस्थित प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम में अग्निशमन यंत्रों के संचालन का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन उपकरणों के साथ अग्नि और आपातकालीन सेवाओं की गतिविधियों से अवगत कराया गया और उनमें प्रमाणपत्रों का वितरण भी किया गया। प्रशिक्षण में करीब तीन सौ पच्चीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार विद्युत श्रमिक संघ के अध्यक्ष एन पेद्दाराजू और राज्य महासचिव एम. हेमंत राव सहित अन्य सदस्यों ने गाराचरमा निवासी आनन्द कुमार सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के विभिन्न भागों में बारी–बारी से लोड शेडिंग के लिए नई सारणी जारी की गई हे। पैंतालीस मिनट अवधि के लिए शाम साढ़े पांच बजे से यह कटौती रात्रि साढ़े ग्यारह बजे तक होगी।

<><><><><><><>

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिगलीपुर की ओर से हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किशोरीनगर और ग्राम पंचायत पश्चिम सागर के सहयोग से पश्चिम सागर में बहुउद्देश्यीय आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शिप्रा मिस्त्री ने लेप्टोस्पाइरोसिस, डेंगू और मलेरिया पर जानकारी दी। इस अवसर पर होमियोपैथी इलाज, दंत परामर्श, एनसीडी स्क्रीनिंग, बुजुर्गों में बी सी जी टीकाकरण के अलावा दवाओं का वितरण भी किया गया। इस शिविर के आयोजन के लिए क्षेत्र के पंचायत प्रधान उमाशंकर सरकार ने मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय का आभार प्रकट किया और भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया। बड़ी संख्या में लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सात दशमलव चार मिलीमीटर, कार निकोबार में सात, हटबे में तीन दशमलव दो, ननकौड़ी में दो और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में एक दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>